53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:46, सूर्यास्त - 6:17 | वर्ष : 53/ अंक : 57 | बृहस्पतिवार, 27 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 18.0°c | अधिकतम 28.0 °c

**अमृतवाणी**

माता-पिता भगवान से बड़े होते हैं, क्योंकि भगवान सुख- दुख दोनों देते हैं पर मां-बाप सिर्फ सुख।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

विदेशी अतिथियों ने महाकुंभ को अद्भुत व अविस्मरणीय बताया : प्रयागराज



जाकी रही भावना जैसी... प्रभु मूरति देखी तिन तैसी.........

# शिवचौक पर महाआरती में उमड़ा जन सैलाब, गूंजे जयकारें

## डीएम-एसएसपी व चेयरपर्सन ने संयुक्त रूप से की महाआरती

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** बोल-बम, बम-बम और हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच बुधवार को देशभर के साथ जनपद में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के हृदय स्थल शिव चौक पर आस्था एवं भक्ति का सैलाब बहता रहा। कार्यक्रम की इस कड़ी में श्री शिवमूर्ति संचालन मंडल की ओर से शिव चौक पर आयोजित महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप समेत नगर के संभ्रांत नागरिकों व संचालन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान महाआरती में पधारे अतिथियों को शिवमूर्ति संचालन समिति की ओर से पटका पहनाकर स्वागत किया।

नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर संपन्न महाआरती कार्यक्रम में श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल की ओर से जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना को लेकर पदाधिकारियों के साथ ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन यहां पर व्यवस्था बनाने में सक्रिय रहे। उधर, देर सायं शिवचौक पर संपन्न महाआरती कार्यक्रम में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी अभिषेक सिंह, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, श्री शिव मूर्ति संचालन समिति के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, उद्यमी भीम कंसल, शिव चरण गर्ग, उद्यमी रघुराज गर्ग, व्यापारी संजय मित्तल, सुशील गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता सुखदेव मित्तल, अनिल अग्रवाल, अनिल गर्ग, लक्ष्मी नारायण शर्मा, ब्रज कुंवर गर्ग, सचिन गर्ग, मुदित जैन, मनीष गर्ग, राजेन्द्र अग्रवाल, अंशुल भूषण व परीक्षित मित्तल, कन्हैया शर्मा के अलावा वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, पूर्व सभासद बिजेन्द्र पाल, शोभित गुप्ता, सुनील तायल समेत बड़ी संख्या में नगर की जनता व जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व बुधवार दोपहर को नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर संपन्न हुई महाआरती में बाबा आशुतोष की पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। शिवचौक पर संपन्न आरती में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व सीओ सिटी व्योम बिंदल ने संयुक्त रूप से भाग लेते हुए बाबा की पूजा-अर्चना करते हुए कांवड़ यात्रा मेले के निर्विघ्न संपन्न होने पर बाबा का आभार भी जताया। नगर के शिव चौक पर इस दौरान श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, उद्यमी भीम कंसल, शिवचरण गर्ग, अरविन्द भारद्वाज, कुलदीप चौहान, रजत गोयल समेत बड़ी संख्या में शिवभक्तों के साथ ही कांवड़ियां मौजूद रहे।







## 36 साल बाद मनकेश्वर महादेव मंदिर में हुआ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक

### 36 वर्षों से बंद पड़े 600 वर्ष पुराने मंदिर को आचार्य यशवीर महाराज ने किया है जागृत

**राहुल शर्मा मीरापुर**

**मीरापुर, 26 फरवरी (बु.)।** मीरापुर में 13 फरवरी को शुद्धिकरण कर जागृत किये गए 600 वर्ष पुराने श्री मनकेश्वर महादेव मन्दिर में 36 वर्षों बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक हुआ। भारी संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान आशुतोष को जल चढ़ाया और हर हर महादेव के जयकारे लगाए। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिसबल भी तैनात रहा। 36 वर्षों से मीरापुर के मुस्लिम बाहुल्य मौहल्ले में वीरान पड़े मंदिर को जागृत करने के बाद बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज ने महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशाल

शेष - पृष्ठ-4 पर





## तालाब में गिरी गेंद निकालने के लिए कूदा मासूम बालक, डूबने से दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर 26 फरवरी (बु.)।** पुरकाजी के बाल्मीकि बस्ती में दोपहर के समय एक बालक फरहान (5) पुत्र स्व. मौहम्मद तहसीन खेलता-खेलता तालाब में जा गिरा। दरअसल फरहान की गेंद तालाब में गिर गयी थी, जिसे निकालने के लिए मासूम बालक तालाब के पास पहुंचा और उसे निकालने के चक्कर में उसी में डूब गया। काफी देर तक जब फरहान नहीं दिखा तो परिजनों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को फरहान के तालाब में डूब जाने की सूचना दी। मासूम के डूबने की सूचना पर पुलिस सहित एसडीएम निकिता शर्मा व नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद तैराकों की मदद से बालक फरहान को बाहर निकाला गया। चूंकि फरहान को डूबे चार घंटे हो चुके थे, इस कारण जब उसे तालाब से बाहर निकाला गया और आमजन ने बालक के पेट में गये पानी को निकालने की कोशिश की तो उन्हें कुछ हासिल ना हो सका, क्योंकि फरहान की पहले ही मौत हो चुकी थी। पुलिस का बताना है कि तालाब के चारों तरफ चार फीट की बाउंड्री भी हो रही है, इसके बावजूद भी फरहान दीवार फांदकर तालाब की तरफ कूद गया और तालाब में गिरने के बाद बाहर नहीं निकल सका। तालाब की गहराई चार से छः फीट तक बताई गयी है।



मृतक मासूम का फाइल फोटो



## सिर्फ मोबाइल तोड़ने पर कर दी गयी थी ट्रैक्टर चालक की हत्या

### आरोपी शौकीन ने कबूला कि उसने अपने साथियों शायान, फारुख और रोबिन के साथ मिलकर की थी मुनीर की हत्या, सिर पर किये थे सरियों से वार

**चरथावल, 26 फरवरी (बु.)।** कुछ दिन पहले थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का सरिया और बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। आरोपी ने बताया कि ट्रैक्टर रेस लगाने के साथ-साथ मृतक ट्रैक्टर चालक द्वारा उसका मोबाइल तोड़ दिया गया था, इसी के गुस्से में उसने आगे मिलने की चेतावनी दी थी और अपने साथियों के साथ उसके सिर में सरिये मार दिये थे, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। आपको बता दें कि शामली जिले के गढ़ीपुख्ता इलाके के बुंटा गांव निवासी हसरत का बेटा मुनीर अपने ट्रैक्टर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान बिरालसी भट्टे के पास आरोपी शौकीन और उसके साथियों ने ओवरटेक को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने ट्रैक्टर रोककर गाली-गलौच की और फिर लोहे के सरिये से मुनीर के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल मुनीर को पहले सीएचसी ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज पिलखनी रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में हिंडन चौकी प्रभारी सन्दीप कुमार ने कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार आदि ने मुख्य आरोपी शौकिन पुत्र नसीम निवासी नगलाराई को चौकी हिंडन के आगे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शौकीन ने अपने साथियों शायान, फारुख और रोबिन के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूली है। अभियुक्त शौकीन ने बताया कि वह अन्य साथियों शायान पुत्र नसीम, फारुख पुत्र नफीस, रोबिन पुत्र मोहर सिंह निवासीगण ग्राम नगलाराई थाना चरथावल के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से चम्मच के पैकेट बनवाकर चरथावल से अपने ग्राम नगला राई वापस



आ रहा था। उसी समय पीछे से एक तूड़े ले जाने वाली खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली वाले ने हमारी ट्रैक्टर-ट्रॉली से आगे निकाली, तो मुझे लगा कि अगला पहिया टकराने वाला है। इसी हड़बड़ाहट में मेरा मोबाईल गिर गया और फूट गया। इस पर मुझे गुस्सा आया और मैंने तथा मेरे साथियों ने उन ट्रैक्टर वालो के साथ गाली-गलौच की तथा उस ट्रैक्टर रोकने को कहा उन लोगों ने ट्रैक्टर नहीं रोका और तेजी से ट्रैक्टर दौड़ाकर ले जाने लगे, तब हम चारों ने अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने ग्राम नगलाराई मे खड़ी करके मोटर साईकिल लेकर उस पर चारों बैठकर तथा इनाम की दुकान से एक सरिया उठाकर उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली वालों का पीछा किया। हम लोगों ने बिरालसी भट्टे से कुछ पहले ट्रैक्टर को रुकवाकर उनके साथ मारपीट की। ट्रैक्टर चालक के सिर में मैंने सरिया से चोट पहुंचाई, जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया और वह शोर मचाते हुए थाना भवन की तरफ चले गये। हम लोग पुलिस के डर से भाग गये थे। बाद में पता चला कि उसकी मृत्यु हो गई है। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक और आला कत्ल के रूप में लोहे की सरिया बरामद की गई है। पुलिस अब फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सैन्य विमान हादसा, 49 लोगों की मौत

**काहिरा, 26 फरवरी (एजेंसी)।** सूडान का एक सैन्य विमान ओमदुरमान शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। सैन्य और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में बताया कि एंटोनोव विमान मंगलवार को ओमदुरमान के उत्तर में वादी सईदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ओमदुरमान राजधानी खार्तूम की सिस्टर सिटी है। सेना के बयान के मुताबिक, दुर्घटना में सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए हैं। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि अब तक कितने लोगों के मारे जाने की सूचना है। इसमें यह भी नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। इस बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 46 लोग मारे गए, जिनके शवों को ओमदुरमान के नाउ में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## पालिका प्रशासन को रिटायर्ड लिपिक की तलाश, मांगी मदद

### किराये के रूप में 29 लाख 22 हजार 988 रुपए बकाया ▸ कोर्ट में जवाब देने की खातिर वसूली बनी पालिका का सिरदर्द

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद् द्वारा 21 वर्ष से टाउनहाल में पालिका के क्वार्टर में अवैध रूप से रहे रिटायर्ड लिपिक कीर्ति भूषण से हाईकोर्ट के आदेश पर अपने भवन को खाली तो करा लिया, लेकिन उन पर किराया राशि के रूप में बकाया रकम की वसूली को लेकर पालिका प्रशासन के हाथ पांव फूले हैं, क्योंकि राजस्व वसूली को लेकर पालिका द्वारा हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया जाना है। पालिका के कर विभाग के रिकॉर्ड में कीर्ति भूषण का नया पता ही नहीं है। लाख प्रयासों के बावजूद भी पालिका प्रशासन उन्हें तलाशने में अब तक नाकाम है। ऐसे में पालिका द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए की जाने वाली रिकवरी की कार्यवाही भी अधर में अटकी है, क्योंकि कीर्ति भूषण का कोई अता-पता नहीं लग पा रहा है। ऐसे में पता बताने वाले को ईनाम देने की बात कही जाने लगी है। जो चर्चा का विषय बनी हुई है। नगरपालिका के कर निर्धारण अधिकारी द्वारा उनके सेवानिवृत्ति वर्ष 2003 से 2024 के दिसम्बर तक किराया तय किया है, जो 46 लाख 21 हजार 488 रुपये बना है। इसमें उनके उपादान और पेंशन राशि का पालिका में बकाया 16 लाख 98 हजार 500 रुपये है। यह राशि बकाया किराया से समायोजित करते हुए अब कीर्ति भूषण पर किराये के रूप में 29 लाख 22 हजार 988 रुपए पालिका के बकाया है, यह जांच रिपोर्ट ईओ को सौंपी तो उन्होंने वसूली नोटिस जारी करने के निर्देश दिये थे। कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कीति भूषण को 31 दिसम्बर को नोटिस भेजकर 15 दिन में बकाया राशि जमा कराने के लिए कहा। हाईकोर्ट ने अपने 07 जनवरी 2025 के आदेश में कीर्ति भूषण से बकाया राशि वसूली करने के लिए सख्ती से कहा और 10 मार्च को तय सुनवाई में पालिका प्रशासन को वसूली के लिए की गई कार्यवाही हाईकोर्ट में पेश करनी है। ऐसे में वसूली करना पालिका के कर विभाग के लिए यक्ष प्रश्न से कम नहीं है, क्योंकि पालिका से क्वार्टर खाली करने के बाद पालिका प्रशासन के लिए कीर्ति भूषण लापता हो गए हैं। इसके लिए पालिका ने कुछ लोगों से सम्पर्क किया है और कीर्ति भूषण का पता लगाने में मदद मांगी है। सीधे तौर पर कहा जाये तो कीर्ति भूषण पालिका के 29.22 लाख रुपये लेकर गायब हो गए हैं।

“ **इन्होंने कहा–** कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव का कहना है कि कीर्ति भूषण को पालिका द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए नोटिस की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। वसूली के लिए अब रिकवरी की कार्यवाही की जानी है, लेकिन यहां से क्वार्टर खाली करने के दौरान उन्होंने अपना नया पता विभाग को उपलब्ध नहीं कराया, काफी प्रयासों के बाद भी विभाग को उनका पता नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए हमने विभागीय स्तर पर अपने प्रयास जारी रखे हैं, अन्य लोगों से भी जानकारी की जा रही है। पता बताने पर ईनाम भी देंगे। कीर्ति भूषण से बकाया राशि की वसूली हर हाल में की जायेगी। ”

## पॉवर कॉर्पोरेशन के सहायक अभियंता से कांवड़ियों ने मारपीट करते हुए गाड़ी तोड़ी

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली रोड पर कांवड़ियों ने उस समय नई मण्डी थाना क्षेत्र के अग्रसेन विहार निवासी निशांत त्यागी से उस समय मारपीट कर दी जब वह उधर से अपनी गाड़ी लेकर गुजर रहे थे। उन्हीं की गाड़ी में बाइक सवार कांवड़ियों द्वारा टक्कर मारी गयी, जब निशांत त्यागी द्वारा इसका विरोध किया गया तो कांवड़ियों ने उनकी गाड़ी के शीशे चूर-चूर कर दिये। उसके बाद कांवड़ियों ने उन्हें गाड़ी से बाहर खींच लिया। शोर शराबा होने पर वहां भीड़ इकट्ठा हो गयी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने मामले को सुलझाने की कोशिश की मगर दोनों ओर से मामला गर्माता रहा। बाद में पुलिस ने जैसे कैसे मामले को शांत कराया और सहायक अभियंता की ओर से तहरीर ले ली। पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरू कर दी है।




## इंस्टाग्राम पर अंजान से बात करना पड़ा युवती को महंगा, 4.58 लाख की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** शाहपुर थाने के गांव हरसौली निवासी शाहिदा की पुत्री की मुलाकात इंस्टाग्राम पर रवि नाम के युवक से हुई। रवि के अनुसार वह दुबई में नौकरी करता है। युवक ने उसकी बेटी को मैसेज और बातें करके प्रेमजाल में फंसा लिया, जिसके बाद आरोपी ने उसकी बेटी को दुबई से सोने के जेवरात भेजने का लालच दिया। इसी बीच शाहिदा की बेटी को एक व्हाटसअप कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह मुम्बई से बोल रहा है और दुबई से उसके नाम का एक पार्सल आया है। यह सुनकर बेटी गद्गद् हो गयी और उसने सोचा कि वास्तव में उसके प्रेमी रवि ने उसके लिए कोई गोल्ड का सैट आदि भेजा है। उसके बाद उसे अलग-अलग नम्बरों से दो और कॉल आई। इन्होंने मुम्बई में अपने को सीबीआई का अधिकारी बताया और कहा कि इस पार्सल में गैर कानूनी तरीके से जेवरात भेजे गए हैं, इसके चलते युवती पर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही गयी। कॉलर ने कहा कि यदि वह कानूनी कार्यवाही से बचना चाहती है तो जैसा-जैसा वह कहते हैं, वैसा-वैसा करे। उन्होंने एक वॉइस मैसेज भेजकर युवती को बताया कि जिस युवक ने उसे पार्सल भेजा है, वह पकड़ा गया है। इन सब बातों में घेरकर आरोपियों ने पीड़िता से 4.58 लाख रुपये अलग-अलग कई खातों में स्थानान्तरित करा लिये। अब शाहिदा की बेटी द्वारा साइबर ठगी की शिकायत पुलिस को दी गयी। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।



## एसटीएफ ने मुठभेड़ में बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य को किया ढेर

**मेरठ 26 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के मुधाली क्षेत्र में बुधवार को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की गौतम बुद्ध नगर इकाई और मेरठ पुलिस ने मुठभेड़ में कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सक्रिय सदस्य मारा गिराया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मुठभेड़ में एसटीएफ के दो जवान भी घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा,''22 अक्टूबर 2023 को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य और कॉन्ट्रैक्ट किलर जितेंद्र उर्फ जीतू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाजियाबाद जिले में प्रमोद कसाना की गोली मारकर हत्या कर दी थी।'' प्रवक्ता ने बताया कि जीतू तभी से फरार था, जिसके बाद पुलिस आयुक्तालय स्तर पर 2023 में उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



हरियाणा पुलिस की ओर से भी उस पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित है। प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार रात एसटीएफ टीम को सूचना मिली कि हरियाणा के झज्जर जिले का रहने वाला जीतू मेरठ की तरफ जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ टीम ने मुढ़ाना पुलिस के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी की। कुछ देर बाद एसटीएफ टीम को मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश नजर आए। उन्होंने बताया कि जब बदमाशों को चुनौती दी गई तो उन्होंने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी और पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायी जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया, ''उसे मेरठ जिले के खरखौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।'' प्रवक्ता ने बताया कि मारे गए अपराधी की पहचान जितेंद्र उर्फ जीतू (42) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जीतू अपराध की दुनिया में आया था और तीन अलग-अलग मामलों में दोषी पाया गया था। हरियाणा में दोहरे हत्याकांड के एक मामले में उसे तीन फरवरी 2018 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने बताया कि 2023 में जीतू को अदालत से पैरोल मिली थी, लेकिन जेल से बाहर आने के बाद वह पैरोल तोड़कर भाग गया।

## जैविक खाद बनाने और प्लांट लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

### मुजफ्फरनगर ही नहीं यूपी के अन्य जिलों, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड तक फैला है ठगों का जाल

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** थाना सिविल लाइन में 25 व्यापारियों द्वारा धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। व्यापारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेप फॉर्मिंग इंडिया प्रा. लि. माझीपुर, पोस्ट संसारपुर, जनपद सहारनपुर के प्रबंध निदेशक बताए जाने वाले हाजी इकराम ने अपनी दो अन्य कम्पनी स्टेप्स फॉर्मिंग प्रा.लि. व एसएफ ऑर्गेनिक द्वारा एक साल पहले जनपद मुजफ्फरनगर में एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें कम्पनी के प्रमोटर जुनैद अंसारी निवासी रुड़की, खालिद अंसारी गंगोह जनपद सहारनपुर ने बताया कि कम्पनी जैविक भारत मिशन के अन्तर्गत बेरोजगारी के मुद्दे पर काम कर रही है। कम्पनी व्यापारियों को अपने साथ मिलकर काम करने का मौका देती है और बताया कि किसानों की जमीन पर ही केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगाती है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गयी कि यदि किसी व्यक्ति के पास मजबूरन जमीन नहीं है और उसका बजट कम है तो कम्पनी इस काम को अपनी जमीन पर कराकर केंचुए की खाद उपलब्ध कराती है। कम्पनी के लोगों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति बेरोजगार है, नौकरी पेशा अथवा किसान है और 1 लाख कम्पनी में जमा करता है तो कम्पनी प्रतिमाह के हिसाब से उसे उसका भुगतान देती रहेगी। बड़े मुनाफे के लालच में आकर मुजफ्फरनगर के 500 से अधिक लोगों ने कम्पनी को करोड़ों रुपये जमा करा दिये, जिनमें से अभी सिर्फ 25 लोगों ने कम्पनी के विरुद्ध फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ितों ने यह भी बताया कि यह मामला सिर्फ नगर में ही नहीं बल्कि यूपी, उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब आदि कई राज्यों में इन लोगों द्वारा किया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि वे मुनाफे के चक्कर में आकर उक्त कम्पनी को करोड़ों रुपये जमा करा बैठे मगर न तो उन्हें कोई खाद का प्लांट लगाकर दिया गया और न ही कोई जमीन उपलब्ध कराई गयी। परेशान होने के बाद 25 लोगों ने उक्त मामले में थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई है और मामले की जांच पुलिस द्वारा शुरू कर दी है।

## सैन्य विमान दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**खार्तूम, 26 फरवरी (वार्ता)** सूडान के ओमदुरमान में मंगलवार को एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 लोगों की मौत हो गई। मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। इससे पहले, 'अलराकोबा' अखबार ने खबर दी थी कि ओमदुरमान के पास एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल और उसमें सवार अधिकारी मारे गए। 'अल सुदानी' अखबार ने बताया कि एंटोनोव सैन्य विमान वाडी सेडना एयरबेस से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सैन्य कर्मियों और नागरिकों सहित 19 लोग मारे गए। अखबार ने बताया कि बहरी क्षेत्र में ऑपरेशन के कमांडर बहार अहमद बहार भी पीड़ितों में शामिल थे। खार्तूम के गवर्नर अहमद उस्मान हमजा ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 26 फरवरी (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 27 फरवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1594-हेनरी चतुर्थ फ्रांस का राजा बना। 1700-विलियम डैम्पियर द्वारा पश्चिमी प्रशांत में न्यू ब्रिटेन के द्वीप की खोज की गई। 1816-डचों ने नेपोलियन की हार के बाद फ्रांस से पुनः सुरीनाम वापस ले लिया। 1829-तारकी की लड़ाई हुई थी। 1870-जापान के वर्तमान झंडे को पहली बार जापानी व्यापारी जहाजों के लिए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था। 1874-पहली बार बेसबॉल लीड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड में खेला गया। 1900-एफसी बेयर्न म्यूनिख, जर्मनी का सबसे सफल फुटबॉल क्लब, फ्रांज जॉन के नेतृत्व में ग्यारह खिलाड़ियों द्वारा किया गया था। 1902-अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक का जन्म हुआ था। 1921-विएना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी। 1933-बर्लिन की रीचस्टैग इमारत, जर्मन संसद की विधानसभा स्थिति, जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना में एक महत्वपूर्ण घटना (चित्र), आग लगा दी गई थी। 1943-भारतीय राजनीतिज्ञ बी. एस. येदुरप्पा का जन्म हुआ था। 1951-अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के तहत राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल सीमित किये गये थे। 1956-लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन हुआ था। 1982-गिल्बर्ट और सुलिवन के सावॉय ओपेरा के प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली डी ऑली कार्टे ओपेरा कंपनी ने अपना अंतिम प्रदर्शन किया था। 1995-उत्तरी इराक के जाखो में एक कार बम विस्फोट में लगभग 54 लोग मारे गये थे। 1996-मीडिया फ्रैंचाइजी पोकेमॉन को वीडियो गेम पॉकेट मॉन्स्टर्स आका और मिडोरी के पहले संस्करण के साथ लॉन्च किया गया था। 1997-जमैका में एक पुलिस वाले की अवज्ञा करने के लिए प्रसिद्ध गायक साडे (हेलेन फोसाद) को गिरफ्तार किया गया। 1998-सबसे संदिग्ध सीरियल किलर टोनी रे को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। 2004-फिलीपीन्स में एक आतंकवादी ने एक नाव को बम से उडा दिया जिसमें 116 लोग मारे गये थे। 2010-गभार्धान चिली के पास 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद के रूप में एक सुनामी चेतावनी चिली में लागू हुई।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1250-1270, चाकू 1370-1521, लड्डू 1380-1435, खुरपापाड़ 1320-1334, शक्कर मसाला 1450-1470
आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88400 | चांदी- | 96200 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65175 |

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 27 फरवरी, 2025**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।
**वृषभ-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।
**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।
**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।
**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।
**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।
**तुला-** लाभ का सुयोग, आ्थक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।
**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।
**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में रुचि।
**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।
**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।
**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002
मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# महाशिवरात्रि पर सम्भलहेड़ा पंचमुखी महादेव मन्दिर में हजारों ने जलाभिषेक किया

## सुबह 5 बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लगी

**मीरापुर, 26 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के पर्व पर संभलहेड़ा स्थित विश्व विख्यात श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ को हजारों की भीड़ ने जल चढ़ाया। जलाभिषेक कराने के लिए श्रद्धालुओं की सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी लंबी कतारें लग गई थी। व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल व पीएसी मंदिर परिसर में तैनात रहा। इस दौरान बम बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मीरापुर क्षेत्र के विश्व विख्यात श्री पंचमुखी महादेव मंदिर सम्भलहेड़ा में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही शिवभक्तों का आना शुरू हो गया था। हरिद्वार से गंगाजल लेकर भारी संख्या में बम भोले के जयकारे लगाते हुए शिवभक्त मंदिर परिसर पहुंचे। महाशिवरात्रि पर सुबह 5 बजे से ही कांवड़ियों के अलावा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटना शुरू हो गई थी। भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए महिलाओं-पुरुषों बच्चों की लंबी-लंबी कतारें सुबह 5 बजे से ही लग गई थी। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बनाए रखा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपने लिए मन्नत मांगी। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बच्चों ने मंदिर परिसर में लगे मेले में झूलों का आनंद लिया तथा लोगों ने मेले से जमकर खरीदारी की। व्यवस्था बनाने के लिए भारी पुलिसबल व पीएसी बल तैनात रहा। वहीं मन्दिर समिति की ओर से व्यवस्था बनाने वालों में मुख्यरूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला नरेन्द्र कुमार गर्ग, पुजारी पं. अंकुर भारद्वाज, पुष्पेन्द्र शर्मा, कृष्णपाल सैनी, विपिन गर्ग, गुड्डू चौधरी, जगपाल प्रजापति, सतेन्द्र कुमार, सोहनवीर उर्फ सोनू कश्यप आदि शामिल रहे।

## एडीएम वित्त व सिविल जज जूनियर डिवीजन ने किया संभलहेडा महादेव मंदिर में जलाभिषेक

**मीरापुर, 26 फरवरी (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र के विश्व विख्यात श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह करीब 11 बजे एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार एसडीएम सुबोध कुमार व सीओ यतेन्द्र नागर भी मंदिर परिसर पहुँचे और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके अलावा सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी-2 तुषार जायसवाल अपनी पत्नी व बच्चे के साथ मंदिर पहुँचे और भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की और जलाभिषेक किया।





## भोपा क्षेत्र में मंदिरों में जलाभिषेक करने को लगी रही लंबी लाइन



**भोपा, 26 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन जुड़ेश्वर महादेव मंदिर ककराला, गांव फिरोजपुर के प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर, शिवधाम, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मोरना, बेहड़ा सादात, ककरौली, भोकरहेड़ी आदि में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ककराला स्थित जुड़ेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार की सुबह से ही महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। मोरना, ककराला, फिरोजपुर, भेड़ाहेड़ी, ककरौली आदि से आए हजारों महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की प्राचीन पिंडी पर जल व दूध से अभिषेक किया व बेलपत्र, फल, फूल, दीप धूप, मिष्ठान आदि से पूजा अर्चना की। हरिद्वार व शुकतीर्थ से गंगाजल लेकर आए अनेक भक्तों ने भी शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में अनेक श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद शिव मंदिरों पर जल चढ़ाया। क्षेत्र के मंदिरों में भारी भीड़ के चलते पुलिस बल भी तैनात रहा। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई, प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया व प्रभारी निरीक्षक अपराध हरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र के मंदिरों में घूमते रहे।

## महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की



**शाहपुर, 26 फरवरी (बु.)।** कस्बे व देहात में फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। क्षेत्र के गांव पलड़ा स्थित सिद्ध पीठ श्री एकांतेश्वर महादेव जुड्डी वाले व गांव गोयला स्थित सिद्धपीठ बारह वाला शिव मंदिर में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का पंचामृत से जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। इसके अलावा कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर, सिद्ध पीठ मां श्री गोकुका देवी मंदिर, श्री बालाजी धाम, श्री राम मंदिर, शिव दुर्गा मंदिर, मंगलापुरी मंडी स्थित शिव मूर्ति, ठाकुर द्वारा मंदिर व पीपलेश्वर हनुमान मंदिर आदि में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं गांव सोरम, पलड़ी, काकड़ा, रसूलपुर जाटान, चांदपुर, धनायन व दिनकरपुर आदि गांवों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर व्रत रखा। नगर व देहात में फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि के पावन पर पर मंदिरों को विशेष प्रकार सजाया गया और मंदिर में भोलेनाथ को पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। गांव गोयला में बारह वाला मंदिर कस्बे के प्राचीन शिवालय मंदिर, ठाकुरद्वारा गोकुलादेवी व शिव मूर्ति शिव दुर्गा मंदिर के अलावा सिद्धपीठ जुडड़ी वाला मंदिर तथा स्वयं प्रकट शिव पार्वती मंदिर साँझक में भी लंबी-लंबी लाइनों में शिव भक्तों ने बाबा भोले शंकर को जलाभिषेक किया। पंचामृत, धतूरा, भांग, कमलगट्टे, बेलपत्र आदि से पूजा की मंदिरों में व्यवस्था बनाने के लिए थाना अध्यक्ष दीपक चौधरी द्वारा पुलिस पिकेट तैनात की गई थी।

## बुढ़ाना में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा भाव के बीच धूमधाम से मनाया



**बुढ़ाना, 26 फरवरी (बु.)।** महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। महाशिवरात्रि के पर्व पर कस्बा और देहात के मंदिरों में बुधवार को सुबह सवेरे से ही काफी भीड़ रही। श्रद्धालु सुबह सवेरे गंगा जल से स्नान कर अपने अपने पास के शिव मंदिर में पहुंचे। कई स्थानों पर मंदिर में महाशिवरात्रि के पर्व पर यज्ञ का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में दूध, दही, बिल्व पत्र और घी से शिवजी का जलाभिषेक किया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हर साल की तरह इस बार भी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए कतार में लगने लगे थे। पूरा माहौल भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जहां हर कोई हर हर महादेव के जयकारों के साथ शिव की आराधना में लीन था। मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर रहे थे। एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि लाइन में लगकर बाबा के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया। शिव स्थल मंदिर में पंडित ज्योतिष आचार्य विवेकमणि जी महाराज पूरी व्यवस्था को संभालने में लगे रहे।

# बामनहेरी सेवा केंद्र पर मनाया महाशिवरात्रि महोत्सव





**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केशव पुरी की ओर से बामनहेरी सेवा केंद्र पर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेवा केंद्र पर शिव ध्वज फहराते हुए कार्यक्रम शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया।
मुख्य वक्ता केशवपुरी सेवा केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी जयंती दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि एक ऐसा पावन पर्व है जो आत्मा और परमात्मा के बीच के गहन संबंध को उजागर करता है। यह केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धता, आत्म जागृति व परमात्मा के दिव्य ज्ञान के अनुभव का समय है। इस दिन शिव के रूप में परमात्मा के अवतरण का स्मरण किया जाता है, जो संसार के अंधकार को मिटाने व सत्य का प्रकाश फैलाने के लिए आते हैं। 'शिव' का अर्थ है 'कल्याणकारी' और रात्रि का प्रतीक है अज्ञानता का अंधकार। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि हमें यह संदेश देती है कि जब संसार अज्ञानता, अशांति व अधर्म के गहरे अंधकार में होता है, तब शिव अपने दिव्य ज्ञान और शक्ति से इस अंधकार को मिटाने आते हैं। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक आत्मा शिव के दिव्य ज्ञान को आत्मसात कर के स्वयं को पवित्र और ऊर्जावान बन सकती है। राजयोगिनी पूजा बहन ने बताया कि ब्रह्मा कुमारीज द्वारा सिखाए जाने वाले राजयोग के अभ्यास से हम परमात्मा शिव से जुड़कर अपनी आत्मा को शांति, शक्ति, खुशी और सुख से भरपूर कर कर सकते हैं। कार्यक्रम में नवनीत, अनिल, सतीश, कपिल, विधि, तोशी, उर्मिला, मंजू, अंजू तथा मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

## जाट आरक्षण को लेकर 30 को होगी सिसौली में महापंचायत, जाट महासभा ने रवाना किया प्रचार रथ



**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** नवीन मंडी स्थल से जाट आरक्षण को लेकर सिसौली में 30 मार्च को होने वाली पंचायत के लिए एक प्रचार रथ को जनपद जाट महासभा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर बालियान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जनपद के हर गांव में जाकर जनजागरण करते हुए समाज को सिसौली पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा। जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने बताया कि देश के जितने भी जाट प्रतिनिधि, एमपी, एमएलए, वर्तमान या पूर्व मंत्रियों के साथ समाज के सभी खाप चौधरियों को निमंत्रण भेजा जाएगा, चाहे वह किसी भी पार्टी से संबंध रखते हो। इस दौरान जयवीर सिंह व धर्मेन्द्र तोमर ने युवा साथियों से अपील की कि 30 मार्च में होने वाली पंचायत में युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा। यह पंचायत युवाओं का भविष्य तय करेगी। यशपाल सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद है आने वाले सत्र में सरकार जाट आरक्षण का एक अध्यादेश लाएगी, जैसे सरकार ने पिछले कार्यकाल में एससी-एसटी अध्यादेश लाकर के एससी समाज को एक तोहफा दिया था इसी प्रकार जाट समाज को भी सरकार खुश करने का कार्य करेगी। इस दौरान ओंकार सिंह अहलावत, देवी सिंह, रामपाल सिंह वर्मा, बिट्टू सिखेड़ा, राकेश बालियान, राधेश्याम बालियान, सतवीर सिंह, संजीव प्रधान, परविन्द्र दहिया, रजत कुमार, नरेंद्र पंवार, पंकज राठी, श्रद्धा पाल सिंह, सुंदरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# शाहजुड्डी में शिव परिवार सहित हनुमान जी की मूर्ति स्थापित

**शाहपुर, 26 फरवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी में गांव की परिक्रमा के बाद शिव परिवार सहित हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई। गांव शाहजुड्डी स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार व हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के लिए पिछले एक सप्ताह से चले आ रहे अनुष्ठान के बाद महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिर में मंत्रोचार के साथ मूर्तियां स्थापित की गई। इससे पूर्व मूर्तियों की विशेष पूजा-अर्चना करने के साथ हवन आयोजित किया गया। इसके अलावा मूर्तियों की शोभायात्रा निकालकर गांव परिक्रमा की गई। हवन में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह व पूर्व मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की। यज्ञ के ब्रह्मा पं. मोनू शर्मा व यजमान आत्माराम सपतनीक रहे। मूर्ति स्थापना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देशवाल खाप के चौधरी शरणवीर सिंह ने मुख्य अतिथि का गांव की ओर से स्वागत किया। इस दौरान विजेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, जय नारायण सिंह, जसवीर सिंह प्रधान, विकास जिंदल, भीष्म सिंह, धनपाल, रामकुमार, जगपाल सिंह व अरुण कुमार आदि सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।





## बी-टेक छात्रा से दुष्कर्म करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**चरथावल, 26 फरवरी (बु.)।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बी-टेक छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी हिमांशु पुत्र सूरजपाल को गिरफ्तार कर लिया है। चरथावल पुलिस ने बुधवार को हरनाकी नहर पुलिया के पास से सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को धर दबोचा।
पुलिस के अनुसार, पीड़ित छात्रा अपने कॉलेज से घर लौट रही थी, तभी आरोपी हिमांशु ने उसे बाइक पर लिफ्ट देने का झांसा दिया। इसके बाद वह छात्रा को जंगल में सुनसान जगह पर ले गया और अपने साथियों की मदद से उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। वारदात के बाद पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई। परिवार ने देर शाम चरथावल थाने पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज की मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक अंडर ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी राजेश घुनावत मौके पर पहुंचे और खुद घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1)/61(2) बीएनएस और 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच में पता चला कि आरोपी हिमांशु पीड़िता के ही गांव का निवासी है। रविवार को चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को आरोपी को हरनाकी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया। पुलिस अब इस वारदात में शामिल हिमांशु के सहयोगी दोस्तों की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महामृत्युंजय सेवा मिशन कार्यालय पर महाशिवरात्रि पर हुई पूजा अर्चना



**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बुस.)।** महामृत्युंजय सेवा मिशन कार्यालय पर महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रुद्राक्ष वितरण एवं भगवान शिव ज्योति स्वरूप है, इसलिए द्वीप पर जीत कर शिवरात्रि उत्सव बनाया गया। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व वर्ष भर में सबसे महान दिन है, इस दिन भगवान शिव ज्योति स्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। 108 दीपक प्रज्वलित कर भगवान शिव की आरती की गई, वहीं उपस्थित कलाकारों ने सुंदर-सुंदर महादेव व राधा कृष्ण के भजन पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा, होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, सभासद विजेंद्र पाल, क्रांति सेना से ललित मोहन शर्मा, अजय तायल, ज्योतिषविद डॉ. सुधीर भारद्वाज, अश्विनी शर्मा, डॉ. आदेश शर्मा, आदित्य आर्य, बृजेश दीक्षित, कमलकांत शर्मा, शरद कपूर, पूनम अग्रवाल, पूनम चौधरी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बुढ़ाना नगर पंचायत ने फिर शुरू किया बंदर पकड़ो अभियान, महिला को किया था घायल

**बुढ़ाना, 26 फरवरी (बु.)।** नगर पंचायत बुढ़ाना ने बंदर पकड़ने का कार्य बुधवार की सुबह से फिर दोबारा से शुरू कर दिया है। कस्बेवासियों ने नगर पंचायत द्वारा फिर से शुरू कराए गये बंदर पकड़ो अभियान की प्रशंसा की है। अभी तीन दिन पूर्व इन उत्पाती बंदरों ने वार्ड नंबर 16 में छत पर कपड़े सुखाने गयी एक महिला को काट खाया था, जिसने सरकारी हस्पताल में पहुंचकर रेबीज के इंजेक्शन लगवाए।
अभी नागरिकों का कहना है कि बंदर पकड़ने वाले वहां पर पिंजरा लगा रहे हैं, जहां पर जरुरी नहीं है। वार्ड नंबर 13, 15 व 16 में आवारा उत्पाती बंदरों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है। इन तीनों वार्डों की गृहणियां और बच्चे बंदरों के बढ़ते आतंक से बहुत ही परेशान हैं। नगर पंचायत ने यह अभियान पिछले महीने चलाया था और करीब एक हजार से भी अधिक बंदर पकड़े गये थे, लेकिन उस समय बंदर बहुत ही उग्र हो गये थे। बंदर पकड़ने का कार्य जो एजेंसी कर रही है, वह बंदर पकड़ने के बाद इन बंदरों को दूसरे जनपद के जंगलों में छोड़ देगी, जिससे कि बंदरों को रहने के लिए एक बेहतर परिवेश भी मिल जाएगा और आम लोगों को परेशानी से मुक्ति भी मिलेगी। लोगों ने पिछले साल बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी से सभासद गुलफाम को साथ ले जाकर शिकायत की थी कि वे बंदरों के आतंक से परेशान हैं। खास तौर से उनके घरों में इनका बड़ा प्रभाव है, जिससे उन्हें मुक्ति दिलाई जाए। इस पर अब एक बार फिर से बुढ़ाना नगर पंचायत के द्वारा बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर गई है।



## वृद्धाश्रम के लोगों को महाकुंभ में कराया स्नान, वृद्धों ने सीएम का जताया आभार

**खतौली, 26 फरवरी (बु.)।** शासन के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा बजट आवंटित कर वृद्धजनों को कुम्भ में स्नान कराये जाने की व्यवस्था के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में वृद्धाश्रम में स्नान कर-के आने पर सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ के आयोजन को एक अनोखी पहल करते हुए वृद्धाश्रमों में रहने वाले बेसहारा वृद्धजनों को निःशुल्क महाकुम्भ का स्नान कराने का फैसला किया गया, जिसके तहत समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धों को उनकी यात्रा, भोजन, ठहरने व देखभाल के लिए विभाग द्वारा बजट आवंटित किया गया था। शासन की इस पहल के तहत खतौली क्षेत्र के गांव पमनावली स्थित आवासीय वृद्ध आश्रम से महाकुम्भ गए वृद्धों ने महाकुम्भ के अंतिम क्षणों में स्नान किया। महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाकार वापस वृद्धाश्रम लौटे। लगभग एक दर्जन वृद्धजन बेहद प्रसन्नचित दिखाई दिये। सरकार के निर्देश पर कुम्भ में स्नान कर लौटे वृद्धजनों ने सरकार की इस पहल की हृदय से सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। आश्रम संचालिका रेखा सिंह के नेतृत्व में कुम्भ जाने वालों में आश्रम में रहने वालों में मुख्य रूप से महावीर, प्रमोद, मिथलेश, वंदना, जगत, नत्थन, संतोष आदि सहित वृद्धाश्रम के स्टाफ सदस्य शामिल रहे।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# शशि थरूर का दर्द और राहुल गांधी

इन दिनों कांग्रेस नेता शशि थरूर, उसी दर्द से गुजर रहे हैं, जिस दर्द से कभी पुराने कांग्रेसी गुलाम नबी आजाद गुजरे थे और काफी दर्द सहने के बाद कांग्रेस से मुक्त हो गए थे। हालांकि अकेले होने का उन्हें कोई सियासी फायदा नहीं हुआ, सिवाय इसके कि उनका मानसिक तनाव खत्म हुआ। राहुल गांधी दिल्ली विधानसभा हार के बाद राजनैतिक रूप से मौन हैं, गठबंधन के कई दल उन्हें कन्फ्यूज नेता मान कर चल रहे हैं। शशि थरूर के बयान कह रहे हैं कि वे कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले शशि थरूर ने अंग्रेजी अखबार में छपे अपने लेख में केरल की पिनाराई विजयन सरकार की तारीफ की थी। इसके अलावा उन्होंने पीएम मोदी की फ्रांस और अमेरिका यात्रा की भी प्रशंसा की थी। उनकी इन्हीं टिप्पणियों के बाद ही कांग्रेस पार्टी में विवाद पैदा हो गया। केरल कांग्रेस ने शशि थरूर के बयान और लेख की जमकर आलोचना की। अब शशि थरूर की एक पोस्ट चर्चाओं में है। शशि थरूर ने एक कविता की कुछ लाइन पोस्ट करके राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। अब इसके मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि शशि थरूर कांग्रेस नेतृत्व से नाखुश है। चर्चा यह भी है कि केरल कांग्रेस, थरूर के लेख से नाराज है। इस लेख में शशि थरूर ने केरल की पिनाराई विजयन सरकार की स्टार्टअप नीति की प्रशंसा की थी। अपनी पोस्ट में शशि थरूर ने अंग्रेजी कवि थॉमस ग्रे की कविता ओड ऑन ए डिस्टेंट प्रॉस्पेक्ट ऑफ ईटन कॉलेज की लाइन साझा की। एक्स पर उन्होंने लिखा,'थॉट ऑफ दे डे, जहां अज्ञानता आनंद है, वहां बुद्धिमान होना मूर्खता है'। थरूर की यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी से उनकी मुलाकात के बाद आई है। इसके बाद ही से राजनीतिक गलियारों में कयासबाजी शुरू है, 18 फरवरी को शशि थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी। थरूर ने राहुल गांधी से पूछा था कि पार्टी के भीतर मेरी क्या भूमिका है? राहुल गांधी ने उनके सवाल पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद थरूर ने खुद को दरकिनार किए जाने पर निराशा व्यक्त की। हाल ही में थरूर की टिप्पणियों के बाद से कांग्रेस में अंदरूनी कलह की अटकलें बढ़ गई हैं। शशि थरूर की मौजूदा टिप्पणियों से पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दावा है कि शशि थरूर पार्टी नेतृत्व से नाखुश है। जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी की मौजूदा स्थिति से नाखुश हैं। केसी त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में पैदा हुई राजनीतिक संकीर्णता से शशि थरूर नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि किसी विशेष संदर्भ में अन्य राजनीतिक संगठनों की प्रशंसा करना पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं है। ऐसा पहले भी कई मौकों पर हुआ है और मैं शशि थरूर से पूरी तरह सहमत हूं। चार बार के सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। 2022 में तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले जी 23 नेताओं में भी थरूर शामिल थे। कांग्रेस के इस गुट ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग उठाई थी। इसके अलावा भी शशि थरूर राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर कांग्रेस नेतृत्व के प्रति अपने असंतोष को प्रकट करते रहे हैं। इस मामले पर केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे पर तंज किया है। उन्होंने कहा,ठाकरे और गांधी परिवार ने महाकुंभ में भाग न लेकर हिंदुत्व का अपमान किया है। हिंदू होना और महाकुंभ में न जाना हिंदुओं का अपमान है। अब हिंदुओं को उनका बहिष्कार करना चाहिए। उन्हें लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए महाकुंभ में शामिल होना चाहिए था। रामदास अठावले ने कहा,वे हमेशा हिंदू समाज का वोट चाहते हैं, इसके बावजूद वे महाकुंभ में नहीं गए। मुझे लगता है कि हिंदू वोटर्स को उनका बहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने नवंबर 2024 में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि हिंदू वोटर्स ने हाल ही में हुए चुनावों में इन नेताओं को सबक सिखाया है। थरूर मामले पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि मेरी समझ में नहीं आता कि शशि थरूर क्या चाहते हैं? वो 10 साल मंत्री रहे, कितने दिनों से सांसद हैं, पार्टी अभी संकट में है, अच्छा दौर उन्होंने देखा है, इस समय सबको पार्टी के लिए काम करना चाहिए, अभी भी उनके पास प्लेटफॉर्म है, शशि थरूर जी एक चीज के लिए धनी हैं कि बिना एमपी हुए भी वो अपने आप में एक हस्ती हैं, पूरे देश में उन्हें पार्टी को मजबूत करने का कम करना चाहिए। पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है, जब उदित राज से पूछा गया कि थरूर ने कहा कि अगर कांग्रेस अपने दम पर केरल में खड़ी नहीं होती है, तो तीसरी बार उन्हें विपक्ष में बैठना होगा। इस पर उदित राज ने कहा कि सुझाव अच्छा है, वो भी लगें। सबको लगना चाहिए। मिलजुल कर करना चाहिए। एलडीएफ भी कई दलों का धड़ा है, जिसमें सीपीआई, सीपीएम और अन्य दल शामिल हैं, वो भी मिलकर लड़ रहे हैं, तो कांग्रेस कहां गलत कर रही है। यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने राहुल गांधी से खुद को केरल में बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के लिए भी कहा था। शशि थरूर चाहते हैं कि अगले साल केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उन्हें मुख्यमन्त्री के चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट करे। केरल में कांग्रेस ने किसी भी नेता को सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया है। केरल कांग्रेस के नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि कांग्रेस किसी को सीएम चेहरे के तौर पर पेश नहीं करेगी। उन्होंने कहा,चुनाव के बाद नये विधायकों की सहमति के साथ आलाकमान राज्य का मुख्यमंत्री तय करेगा। अगर के. सुधाकरण कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं, तो ये घोषणा नहीं है कि वो ही सीएम होंगे, लेकिन बाद में इसकी घोषणा की जा सकती है। यह सभी के लिए लागू होता है। इसलिए हमने किसी को सीएम चेहरे को प्रोजेक्ट नहीं किया है। चुनाव के बाद ही ये तय होगा कि मुख्यमन्त्री कौन बनेगा। शशि थरूर के मामले पर पार्टी के एक पूर्व साथी ने राहुल गांधी को नसीहत दी है। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता संजय झा ने राहुल गांधी को एक खुला पत्र लिखकर पार्टी पर ध्यान देने की अपील की। झा ने शशि थरूर की नाराजगी के बीच पार्टी में एकता बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। संजय झा ने अपने पत्र में लिखा, राहुल गांधी, मैं यह पत्र सार्वजनिक रूप से इसलिए लिख रहा हूं, क्योंकि कांग्रेस के भीतर शायद ही कोई आपको यह सच्चाई बताएगा। कांग्रेस को भाजपा से मुकाबला करने से पहले अपनी अंदरूनी समस्याओं को हल करना चाहिए।

चार तीर

सुनील उत्सव

'रोल' 'जीवन' 'फिल्म' 'सुन्दर'

जितना तुमको रोल मिला है उतना अभिनय करना तुम,
उससे अधिक करने का सोचा, गुड़ गोबर हो जाएगा।
जीवन भी है फिल्म सरीखा, इसके निर्देशक हैं प्रभु,
उनसे ही निर्देशित होना सब सुन्दर हो जाएगा।


शोक संदेश



मान्यवर,

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्यनीय **माताजी श्रीमती पुष्पा** धर्मपत्नी (स्व. मा0 ब्रजपाल सिंह)का आकस्मिक निधन 18 फरवरी 2025, दिन- मंगलवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी रस्म तेरहवीं एवं शोक सभा 28 फरवरी 2025, दिन-शुक्रवार को हमारे निवास स्थान पर होनी निश्चित हुई है।

-: कार्यक्रम :-

28 फरवरी 2025, दिन- शुक्रवार

हवन (निज निवास)..............08 :00 बजे
ब्रह्मभोज ........................प्रातः 11:00 बजे
रस्म तेरहवीं.................दोपहर 02 :00 बजे

-: शोकाकुल परिवार :-

ठा0 योगेन्द्र सिंह (पुत्र)
ठा0 ब्रह्म सिंह एडवोकेट, ठा0 धर्मेन्द्र सिंह (जेठ)
ठा0 अजय सिंह, डॉ0 लेखराज सिंह (भतीजा)
एवं समस्त पुंडीर परिवार

-: निवास स्थान :-

ग्राम- बामनहेरी (रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर)
M.9358194730, 8979884817


## रथ यात्रा के डीजे से कई घरों के सामान टूटे, बुजुर्गो की तबियत बिगड़ी

मुजफ्फरनगर 26 फरवरी (बु.)। धार्मिक यात्राओं के आयोजक अपनी शान दिखाने के लिए एक से एक बड़े डीजे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घुमाने का काम लगातार कर रहे हैं और प्रशासन भी धर्म का काम होने के कारण इनकी अनदेखी लगातार करता है। प्रशासन की अनदेखी के कारण डीजे वालों को अब इस बात से कोई मतलब नहीं रहा कि इससे दूसरे के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। आज भी नई मंडी में जब शिव बारात निकली तो 10 बेस से ऊपर का डीजे साफ बजता दिखाई दिया, जहां-जहां से यह डीजे गुजरा वहां-वहां से शिकायतें आनी शुरू हो गयी। एक बुजुर्ग की इस दौरान तबियत बिगड़ गयी और कई घरों का सामान डीजे की आवाज से नीचे गिर गया। यदि किसी ने इस डीजे का विरोध करना चाहा तो उसे धार्मिक यात्राओं की दुहाई दी गयी। ऐसे में लोग इस यात्रा से खफा दिखाई दिये और प्रशासन खामोशी से तमाशा देखता रहा।

# नई मंडी क्षेत्र में धूमधाम के साथ निकली शिव बारात





मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि पर्व पर चलो अमरनाथ शिव सेवा ट्रस्ट की ओर से बुधवार को श्री ओंकारेश्वर महादेव मन्दिर कूकड़ा से बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद शिव बारात धूमधाम के साथ क्षेत्र में निकाली गई। इससे पूर्व मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग के साथ शिव परिवार, नंदी जी, श्रीराम दरबार आदि की पूजा अर्चना के साथ बैंड बाजों एवं डीजे की धुनों पर नृत्य करते युवाओं की टोलियों ने लोगों को आकर्षित किए रखा। महाशिवरात्रि पर्व पर पण्डित कृष्ण चन्द चौबे के सान्निध्य में चलो अमरनाथ शिव सेवक ट्रस्ट, श्री ओंकारेश्वर महादेव मन्दिर कमलनगर से भव्य शिव बारात का शुभारंभ किया गया। मंदिर प्रांगण से प्रारंभ शिव बारात में इस दौरान प्रमुख बैण्ड के अलावा डीजे व राधा कृष्ण, मोर मोरनी, शिव पार्वती, भगवान तिरुपति जी, हनुमान जी व अन्य झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। शिव बारात के मुख्य आकर्षण उज्जैन से आयी टीम श्रृंगार सेवा समिति ने उज्जैन की तरह महाकाल जी की पालकी यात्रा और अघोरी यात्रा से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। शिव बारात के मार्गों को ध्वजा एवं तोरण द्वारों से सजाया गया। वहीं बाबा के नंदी को रथ में सवार कराने के बाद भक्तों ने अपने हाथ से खींचा। बारात मार्ग पर जगह जगह कहीं भण्डारों में भगवान शिव को भोग लगाकर भव्य रूप से शिव बारात का स्वागत करने के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। बारात में महिलाओं व बच्चों ने नृत्य करके भगवान शिव को प्रसन्न किया। शिव बारात के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। मन्दिर पर महादेव की बारात के समापन के पश्चात भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी गायकों ने भगवान शिव के भजनों से बाबा का गुणगान किया। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण, शिव पार्वती के रूप रखकर सुन्दर नृत्य किया। इस दौरान मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, सूरज प्रताप एड, विनोद कुमार, देशपाल, सुक्रम पाल सैनी प्रधान, रेनू पाल, तरूण पाल, दीपक भारद्वाज, दीपक चौधरी, सन्दीप मित्तल, महेश सैनी, नवीन ऐरन आदि का विशेष सहयोग रहा।

# एसडी कॉलेज मार्किट में आरती में गूंजे बाबा के जयकारे

## - नगर के गणमान्य लोगों ने की महादेव की पूजा-अर्चना





मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को बाबा भोलेनाथ की पूजा के साथ जलाभिषेक और महाआरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महाआरती में बतौर अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, शंकर स्वरूप बंसल, कृष्ण गोपाल मित्तल, सत्य प्रकाश मित्तल, अशोक तायल, संजीव स्वास्तिक, अरविन्द बंसल, सुनील तायल समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस दौरान एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा महाआरती में शामिल अतिथियों को पटका पहनाते हुए उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की इस कड़ी में मंदिर समिति द्वारा स्फटिक शिवलिंग एवं श्री राम दरबार व श्री हनुमान जी की मूर्ति के साथ मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के बीच सुबह से देर सायं तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक के लिए जुटी रही। देर सायं मंदिर में आयोजित महाआरती से पूर्व बाबा भोलनाथ के साथ ही अन्य का पूजन-अर्चन इस बीच विद्वान पंडितों के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नामदेव के अलावा मुख्य रूप से राकेश कंसल, योगेश सिंघल भगत जी, श्याम जसूजा, अनुराग गर्ग, विजय तागरा, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, संजीव गोयल, नरेश अरोरा, आकाश अरोरा, केवलराम चुग्घ, शिवम कंसल, विनोद संगल, विपिन कुमार समेत मार्किट के सभी पदाधिकारी व स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

# जनपद में 1745 अपात्रों की कटेगी किसान सम्मान निधि




मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में नए शासनादेश के अनुसार अब पति-पत्नी एक साथ किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं ले सकेंगे। इनमें से एक की पीएम किसान सम्मान निधि कटेगी। इसके लिए कृषि विभाग ने जनपद में करीब 3,490 पति-पत्नी का डाटा शासन स्तर पर भेजा है। वहां पर करीब 1,745 की पीएम किसान सम्मान निधि काटी जाएगी। इसके साथ कृषि विभाग के 1,200 अपात्रों से करीब 17 लाख रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की रिकवरी कर चुका है। शासन स्तर से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त पात्र किसानों को जारी हो गई है। इस योजना के तहत जनपद में करीब दो लाख दो हजार से अधिक किसानों के खातों में इस बीच सीधे पीएम किसान सम्मान निधि पहुंच गई है। इस दौरान पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर शासन स्तर से नया आदेश जारी हुआ है। इस नए आदेश के अनुसार अब पति-पत्नी एक साथ पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं ले सकते है। ऐसे में एक का नाम इस पीएम किसान सम्मान निधि के पात्रों की सूची से काटा जाएगा। कृषि विभाग ने जांच करते हुए करीब 3,490 पति-पत्नी का डाटा तैयार करते हुए शासन को भेजा है। जनपद में अभी 3,490 पति-पत्नी पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे है। शासन स्तर उक्त डाटा से 1,745 का नाम पात्रों की सूची से हटाया जाएगा। वहीं कृषि विभाग ने 1200 अपात्रों से करीब 17 लाख रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि जमा कराई है।



गांधी कॉलोनी में अनन्तेश्वर महादेव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

# शुकतीर्थ में साधु-संतों व भाजपाईयों ने किया अमृत स्नान



भोपा, 26 फरवरी (बु.)। महाकुम्भ में अमृत स्नान के अवसर पर शुकतीर्थ में शुकदेव आश्रम के अधीष्ठाता स्वामी ओमानन्द महाराज के नेतृत्व में साधु-संतों ने मां गंगा में अमृत स्नान किया। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष के संग भाजपाईयों ने पवित्र स्नान में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। वहीं ओम शान्ति सेंटर के सदस्यों ने साधु संतों पर पुष्पवर्षा की। शुकतीर्थ गंगा घाट पर पहुंचे स्वामी ओमानन्द महाराज ने मंत्रोच्चारण के बीच अमृत स्नान का शुभारम्भ किया। महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज ने कहा कि शुकतीर्थ में स्नान का महत्व प्रयागराज से भी अधिक है, जिस अमृत की कुछ बूँद मात्र प्रयागराज में गिरी थी। उसी अमृत का कलश शुकतीर्थ को प्राप्त हुआ था। तिलकधारी आश्रम के स्वामी विष्णुदत्त महाराज ने कहा कि देश में प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक चार तीर्थों पर कुंभ का आयोजन होता है। शुकतीर्थ में भी शाही अमृत स्नान हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि जो भक्त प्रयागराज नहीं जा सके, वह उसी श्रद्धा के साथ शुकतीर्थ जैसे महातीर्थ में स्नान करे। साधु-संतों के संग अमृत स्नान करना गौरवमयी और अविस्मरणीय क्षण है। समाजसेवी मा. विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने अमृत स्नान कर देश में बुराईयों को दूर करने का संकल्प लिया है। शुकतीर्थ में एक सप्ताह के लिए कुंभ का आयोजन किया जाना चाहिए। अमृत स्नान के उपरांत साधु-संतों पर पुष्प वर्षा की गयी व स्वामी ओमानन्द महाराज द्वारा दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी भक्ति भूषण महाराज, स्वामी यशवीर महाराज चंद्रमा ब्रह्मचारी महाराज, आचार्य प्रेम शंकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, संजय कोरी, रामकुमार शर्मा, ब्रजवीर सिंह, पं. विनोद शर्मा, डॉ. संजू शर्मा, डॉ. महकार सिंह, योगेश गुर्जर, सतनाम बंजारा, डॉ. वीरपाल सहरावत, पंकज माहेश्वरी, प्रदीप निर्वाल, देवेन्द्र आर्य, बीके परी दीदी, आरती, बीके श्रवण कुमार, कंवरपाल सिंह, नीरज रॉयल शास्त्री, विपुल सहरावत, प्रदीप शर्मा, पं. विनीत शास्त्री, संदीप भगतजी, भंवरसिंह, योगेश गुर्जर, क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी, प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया, हरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में पूजा के साथ हुई महाआरती



मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भगवान आशुतोष की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, व्यापारी नेता संजय मित्तल, दिनेश मोहन एड, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उद्यमी श्रवण गर्ग, कुश पुरी, अमित गर्ग, विवेक गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, मंदिर कमेटी से जुड़े भीम कंसल, अशोक गर्ग, जेपी गोयल, अमित सिंघल, अनिल गोयल, विनोद राठी, रजत राठी, विकास अग्रवाल, प्रतीक कंसल, रजत गोयल, अंकित अग्रवाल, सतवीर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खतौली के शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

खतौली, 26 फरवरी (बु.)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर क्षेत्र के मंदिरों में बम बम भोले बम के उद्घोष के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक करने वाले का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व को संज्ञान में लेकर नगर क्षेत्र के मंदिरों पर विशेष साज सज्जा की गयी थी। प्रातः से ही मंदिरों पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती दिखाई दी। इस दौरान नगर के प्राचीन श्री झारखण्ड महादेवालय, श्री थानेश्वर महादेवालय, शिवमूर्ति जानसठ रोड व पंडित ताराचंद शिवालय पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। इस दौरान भक्तजनों द्वारा पूजा-अर्चना करते हुए दूध व गंगाजल से शिवलिंग पर बमबम भोले के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया गया तथा अपने परिवारों की मंगलकामना की गयी। इस अवसर पर अनेक मंदिरों में जहां विशेष धार्मिक आयोजन किये गए वहीं मंदिर समितियों द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं की यथासम्भव सुविधाओं की व्यवस्था सराहनीय रही। इसके अतिरिक्त ग्रामीण अंचल में भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक कर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के जानसठ तिराहे स्थित प्राचीन शिवमंदिर छोटा केदारनाथ पर महाशिवरात्रि पर्व पर महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रवीण ठकराल, विवेक रहेजा, मदन छाबड़ा, गुरूदत्त अरोरा, अविरल जैन, पुनीत अरोरा, साक्षी सैनी, मनोज जैन, सचिन साहनी, नीलम जैन, गरीबदास, कन्नू अरोरा, भव्या सैनी, ध्रुव आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना की।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 659, दिनांक 15-04-2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम दृष्टि (DRISHTI) अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

मनजीत सिंह
S/o चरण सिंह
360-शामली रोड, गांव-पिन्ना,
मुजफ्फरनगर


Walk- In Interview For
MANAGER POST
Graduate With English Speaking
Male & Female
Come With Biodata (12 Pm To 1 Pm)
VARDHMAN HOSPITAL
3rd Km. Jansath Road, Muzaffarnagar


# जैन संत गुप्ति सागर महाराज का अतिशय क्षेत्र वहलना में हुआ मंगल आगमन

## - ढोल नगाड़ों के साथ भक्तों ने किया जोरदार स्वागत - सांसद हरेंद्र मलिक ने लिया महाराज श्री से आशीर्वाद



मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य, गुप्तिधाम प्रणेता उपाध्याय श्री 108 गुप्ति सागर महाराज का बुधवार को करीब 26 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद वहलना की पावन धरा पर प्रवेश हुआ। जहां पर सैकड़ों भक्तों ने उनके चरण प्रक्षालन कर व आरती करके स्वागत किया। इतने लंबे अरसे के बाद महाराज श्री के अतिशय क्षेत्र वहलना में पधारने पर हर कोई लालायित था। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने ढोल नगाड़ों के साथ महाराज श्री का स्वागत किया। इस बीच दिल्ली, मेरठ, खतौली, रुड़की, हरिद्वार आदि जगहों से भी सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने वहलना में महाराज श्री के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की प्रबंध कमेटी के द्वारा महाराज श्री के आगमन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस बीच वहलना जैन मंदिर पहुंचने पर प्रबंध कमेटी से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा महाराज श्री के चरण प्रक्षालन व महाआरती की, वहीं बाहर से आने वाले सभी यात्रियों के लिए यहां पर भोजन व आवास की समुचित व्यवस्था की गई। महाराज श्री के आगमन से सकल जैन समाज मुजफ्फरनगर में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष राजेश जैन (गर्ग डुप्लेक्स), महामंत्री संजय जैन (पारस टीएमटी), मनोज जैन (जैन मिलन), पंकज जैन (गांधी टेंट हाउस), राजेश जैन (अरोमा पेपर), जितेंद्र जैन टोनी, चंद्र मोहन जैन, मनोज जैन एलजी, सतीश जैन, रोहित जैन, विप्लव जैन, आशीष जैन, मुकेश जैन, आदित्य जैन, अमूल जैन, अनुज जैन, शशांक जैन, प्रियंक जैन, अभिनव जैन, ऋषभ जैन, विकास जैन, पंकज जैन, प्रवीण जैन, रविन्द्र जैन, अभिषेक जैन, विवेक जैन, नवीन जैन, संजय जैन, अरहन्त जैन के साथ जैन बाल संस्कार चैनल का योगदान रहा।

# भगवान आशुतोष का श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



जानसठ, 26 फरवरी (बु.)। कस्बे के प्राचीन सिद्धपीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़भाड़ रही। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी जलाभिषेक किया गया। बुधवार को शिवरात्रि के पर्व को लेकर हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आए कांवड़ियों ने श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इनके अलावा श्रद्धालुओं ने भी भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। जलाभिषेक को लेकर मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़भाड़ रही। मंदिर समिति की ओर से महादेव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन करने वालों में मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण तंवर, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष यनेश तंवर, विकास गुप्ता, रतन सिंह राजपूत, प्रवीण धीमान, शीशपाल सैनी, अनिल भगत जी, ज्ञानचंद सैनी एडवोकेट आदि का सहयोग रहा। इसके अलावा गांव सादपुर, तिसंग, बसायच, अहरोड़ा, मेहलकी, खलवाड़ा, गढ़ी, वाजिदपुर कवाली, सालारपुर, कवाल, चितौड़ा, भलेड़ी आदि गांवों के शिवालियों में भी कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। सुरक्षा को लेकर कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा व कस्बा चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।


नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 फरवरी 2025, दिन शुक्रवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैंप में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती में सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच)

ऑपरेशन पर भारी छूट

नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 फरवरी 2025, शुक्रवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

# महाशिवरात्रि पर गूंजे हर ओर बोल-बम के जयकारे, शिवमय हुए शिवालय

## ▶ शिवचौक पर घंटों के इंतजार के बाद किया जलाभिषेक ▶ नगर के अधिकांश मंदिरों पर दोपहर तक रही भक्तों की भीड़

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** बोल-बम, बम-बम के जयघोष और ओ3म नमः शिवाय के बीच बुधवार को देशभर के साथ जनपद में नेशनल हाइवे से नगर मुख्यालय, गांव-देहात और विभिन्न कस्बों में स्थित शिवालयों में श्रद्धा व आस्था के बीच बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ भक्ति का सैलाब उमड़ा रहा। इस बीच हर कोई सिर्फ अपने आराध्य देव बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने और उनकी कृपा पाने को आतुर एवं लक्ष्य की ओर अग्रसर होता दिखाई दिया। इस दौरान नगर मुख्यालय स्थित शिवचौक समेत अन्य शिवालयों व मंदिरों में पुलिस की निगरानी में बाबा आशुतोष को जलाभिषेक करने को अलसुबह से भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। प्रयागराज महाकुंभ के अंतिम स्नान की बेला के साथ वेस्ट यूपी में इस बार सनातन संस्कृति की पताका के साथ भगवा ध्वज की धूम देखने को मिली। यह कहना गलत न होगा कि श्रावण माह की कांवड़ यात्रा मेले की भांति इस बार महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा के भक्तों का जोश देखने लायक रहा, जिसमें पैदल के साथ टीम के साथ डाक कांवड़ लेकर आने वालों की संख्या में पूर्व के तमाम रिकार्ड तोड़ देने के साथ हाईवे से नगर मुख्यालय तक ऐसा सैलाब दिखाई दिया कि पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। बुधवार में शिव चौक पर जलाभिषेक करने को उमड़ी शिवभक्तों की संख्या के आगे तमाम व्यवस्थाएं कम पड़ गई। इस दौरान आलाधिकारियों के साथ पुलिस बल व शिवमूर्ति संचालन मंडल द्वारा की व्यवस्था में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा शिव को लंबी लाइन में लगने के बाद जलाभिषेक किया, वहीं नगर के अन्य शिवालयों व मंदिरों में इस बीच शिवलिंग पर पंचामृत, भांग-धतूरे, फल-फूल व अन्य पूजा सामग्री के साथ बाबा शिव का पूजन-अर्चन करने के साथ भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक कराने का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। वहीं जनपद के अन्य पौराणिक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करने को भक्तों की भारी भीड़ के चलते मंदिरों के व्यवस्थापकों के पसीने छूटे रहे। सुरक्षा कारणों से इस बीच में मंदिरों के बाहर बीती रात्रि से ही पुलिस का कड़ा पहरा रहा। महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से मां गंगा का पवित्र गंगाजल लेकर जनपद की सीमा से होकर गुजरे सभी कांवड़ियों के जनसैलाव के शांतिपूर्ण गुजरने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। शिवचौक पर इस बीच त्रयोदशी-चतुर्दशी का जलाभिषेक करने की खातिर पूजा-अर्चना का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। इस बीच बाबा का जलाभिषेक करने को मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शिवचौक के अलावा गांधी कालोनी स्थित श्री अनंतेश्वर महादेव मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, शिव शक्ति शनि मंदिर सुभाषनगर, श्रीसंकट हरनी मंदिर, श्री गणपतिधाम में हरिहर महादेव मंदिर, श्री बालाजी धाम मंदिर व श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पटेलनगर समेत अन्य तमाम मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं ने बाबा का दुग्ध, दही, शहद, घी, शकरा और पंचामृत के साथ मां गंगा के जल को



चढ़ाने के साथ घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा रेलवे स्टेशन स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर समेत मौ. ब्रह्मपुरी, इन्द्रा कालोनी, आर्यपुरी, साकेत, आनन्दपुरी, केशवपुरी, रामपुरी, सुभाषनगर, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, नुमाईश कैंप, गांधी कालोनी समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को लाइनों में घंटों तक लगी रही।

## महाशिवरात्रि पर दूल्हे की तरह हुआ बाबा विश्वनाथ का श्रृंगार, शिव बारात में शामिल होने उमड़ा जनसैलाब

**वाराणसी, 26 फरवरी (एजेंसी)।** महाशिवरात्रि के मौके पर काशी की गलियों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। हर-हर महादेव के नारों से पूरा शहर गुंजायमान है। महाशिवरात्रि के मौके पर 2।15 बजे बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती शुरू हुई। 3:15 बजे से आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की शुरूआत हुई। महाशिवरात्रि के मौके पर दशकों से चली आ रही परंपरा की शुरूआत भी हुयी। बाबा विश्वनाथ का दूल्हे की तरह श्रृंगार किया गया। इसके बाद सभी अखाड़ों के नागा साधुओं ने धों नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा निकाली। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। एक अनुमान के मुताबिक बुधवार को करीब 30 लाख से अधिक लोग बाबा के दर्शन करने और शिव बारात में शामिल होने के लिए काशी पहुंचेंगे। जिसे देखते हुए प्रशासन की तरफ से भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

## हिंदू महासभा की नेता ने संगम के जल से ताजमहल में किया जलाभिषेक

**आगरा, 26 फरवरी (एजेंसी)।** ताजमहल या तेजोमहालय इसकी लड़ाई अभी कोर्ट में विचाराधीन है, लेकिन हिंदुत्ववादी इसे शिव मंदिर मानकर गंगाजल और दुग्धाभिषेक करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर अखिल भारत हिंदू महासभा की कार्यकर्ता मीरा राठौर ने ताजमहल पहुंचकर गंगाजल से शिवलिंग पर अभिषेक किया। उन्होंने कहा कि उर्स के मौके पर शिव मंदिर पर चादर चढ़ाकर उसे अशुद्ध कर दिया था। गंगाजल से इसे शुद्ध किया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। महाशिवरात्रि के दिन ताजमहल में हिदुत्ववादियों ने एक बार फिर से गंगाजल से चढ़ाने का दावा किया है। अखिल भारत हिंदू महासभा की मंडल अध्यक्ष मीना दिवाकर ने कहा है कि वे आगरा से शिवलिंग को लेकर संगम घाट पहुंचे थे। यहां उन्होंने शिव चालीसा का पाठ करके उन्हें संगम घाट पर स्नान कराया।

## अंडर गार्मेंट्स चोरी करने वालों को रंगे हाथ पकड़ा, धुनाई

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के द्वारिकापुरी में एक दुकान पर दो युवक महिलाओं के अंडर गार्मेंट्स चोरी कर रहे थे। चोरी करते समय जब एक युवक ने उन्हें देखा तो शोर मचा दिया। शोर मचाने पर भीड़ ने एक युवक को दबोच लिया, जबकि दूसरा भाग जाने में सफल रहा। पकड़े गए युवक की पब्लिक ने धुनाई कर डाली और आरोपी को थाने ले आई। पुलिस द्वारा बहुत देर तक उससे पूछताछ की गयी। पूछताछ के बाद भी युवक ने कुछ नहीं बताया। पुलिस के अनुसार युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी अक्षय सिंघल निवासी आर्यपुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, भाजपा के सात विधायक बने मंत्री

**पटना, 26 फरवरी (वार्ता)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से सात विधायकों को मंत्री बनाया है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को यहां राजभवन में आयोजित एक सादे समारोह में नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में दरभंगा नगर से विधायक संजय सरावगी, बिहारशरीफ से डॉ. सुनील कुमार, दरभंगा के जाले विधानसभा क्षेत्र से विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर के साहेबगंज से विधायक राजू कुमार सिंह, सीतामढ़ी के रीगा से विधायक मोतीलाल प्रसाद, अररिया के सिकटी से विधायक विजय कुमार मंडल और अमनौर से विधायक कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं। नवनियुक्त मंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में भाजपा कोटे से आए हैं। इस विस्तार से सरकार ने आगामी चुनावों से पहले विभिन्न वर्गों और समुदायों को साधने की रणनीति अपनाई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु खजुराहो पहुंची, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की अगवानी

खजुराहो, 26 फरवरी (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज विशेष विमान से मध्यप्रदेश के खजुराहो पहुंची, जहां पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उनकी अगवानी की। छतरपुर जिले के खजुराहो स्थित हवाईअड्डे पर राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु की अगवानी के अवसर पर सेना, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से छतरपुर जिले में ही गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम के लिए रवाना हो गयीं। राष्ट्रपति बागेश्वर धाम परिसर में 251 कन्याओं के सामुहिक विवाह समारोह में शिरकत करेंगी। धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



## झारखंड के हजारीबाग में दो गुटों के बीच हिसक झड़प, 6 से अधिक वाहनों में आग

**रांची,26 फरवरी (वार्ता)**झारखंड के हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड के डुमरांव में दो गुटों के बीच आज हिसक झड़प में 12 लोग



घायल हो गये और छह से अधिक वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। दोनों गुटों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इचाक प्रखंड के डुमरांव में महाशिवरात्रि के दौरान झंडा बांधने और साउंड सिस्टम लगाने को लेकर विरोध हुआ था और इसके बाद ही यह घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस गांव में कैंप कर रही है। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बरांगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल, इचाक प्रखंड के पदाधिकारी समेत वरीय पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद हैं। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

## राजौरी में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने किया हमला

**श्रीनगर, 26 फरवरी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने गोलीबारी की है। आतंकियों का यह हमला सुंदरबनी इलाके में हुआ। गश्त पर निकले सुरक्षाबलों को आतंकवादियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सेना की गाड़ी पर 4-5 राउंड फायरिंग की गई। हमले के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की खोजबीन के लिए इलाके की घेरेबंदी की है। जानकारी के अनुसार आतंकवादियों ने 9 जेएके व्हीकल को निशाना बनाया। इसी वाहन से पेट्रोलिंग की जार रही थी। जानकारी के अनुसार एक हमला बुधवार दोपहर 1 बजे के करीब हुआ। जैसे ही यह वाहन सुंदरबनी माला रोड के फाल गांव के नजदीक पहुंचा तो जंगल से वाहन पर फायरिंग की गई। घाटी में यह हमला ऐसे वक्त पर सामने आया है जब कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान और भार के बीच फ्लैग मीटिंग हुई थी। तब शांति पर सहमति बनी थी। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी सुंदरबनी के घने जंगल में छिपे हुए थे। उन्होंने पूरी तैयारी के साथ सेना के वाहन पर गोलीबारी की। सेना का वाहन इस क्षेत्र में उसी क्षेत्र से गुजर रहा था। जिससे पिछले काफी सालों में सीमापार से घुसपैठ होती आई है। सेना ने पूरे इलाके को अलर्ट पर लेते हुए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## ईंट से सिर और चेहरा कुचलकर हत्या

**मेरठ, 26 फरवरी (एजेंसी)।** जानी खुर्द के गांव कुसैडी में मंगलवार रात अजय उर्फ बिट्टू (28) की ईंट से सिर और चेहरा कूचकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान की है, उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अजय रुड़की में गन्ना लोडर मशीन ऑपरेटर था। तीन दिन पूर्व वह अपने ताऊ के पोते के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए कुसैडी आया था। मंगलवार सुबह रुड़की जाने के लिए घर से निकला था। रात नौ बजे उसने अपनी पत्नी संगीता को कॉल कर कहा कि उसकी ट्रेन निकल गई है, कल रुड़की जाएगा। इसलिए घर वापस आ रहा है। लेकिन अजय रात में घर नहीं आया। बुधवार सुबह सात बजे गांव कुसैडी से निवाड़ी जाने वाले रास्ते पर स्थित बाग किनारे अजय का शव ग्रामीण को पड़ा मिला। जानकारी पर जानी पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर खून से सनी एक ईंट मिली। ईंट से सिर और चेहरे पर वार कर अजय की हत्या की गई थी। पुलिस को जांच में पता चला कि रात में अजय के साथ दो दोस्त भी घटनास्थल पर मौजूद थे। अजय ने उनके साथ बैठकर शराब पी थी। पुलिस दोनों युवकों का पता कर रही है। अजय का 5 साल का पुत्र युवी और 4 साल की पुत्री गोपी है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# वाहनों के शोर-शराबे की थम गई रफ्तार, अफसरों को राहत

## ▶ डाक कांवड़ के दबाव में दिन भर अलर्ट मोड़ पर रहा प्रशासन ▶ आज से पटरी पर लौटने की दिशा में बढ़ेगा जनजीवन

**मुजफ्फरनगर, 26 फरवरी (बु.)।** दशकों बाद वेस्ट यूपी में फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की आस्था व जज्बे के आगे सर्द हवाओं के थपेड़े व थकान का असर फुर्र होते दिखाई दिया। बीते कई दिनों से नेशनल हाइवे से अन्य संपर्क मार्गों तक बोल-बम, बम-बम के जयघोष और दुपहिया वाहनों की तेज रही तमाम आवाज बुधवार की सायं तक राहत की ओर अग्रसर होती दिखाई दी। इससे पूर्व बीते कई दिनों से बम-बम का जयघोष व तमाम दुपहिया वाहनों के साथ बड़े वाहनों पर लगे डीजे का शोर-शराबा गुरूवार सायं तक बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ निर्विघ्न संपन्न हो गया। इस बीच हरियाणा एवं वेस्ट यूपी से आने वाले शिवभक्तों की आस्था का केन्द्र बने मुजफ्फरनगर शिवचौक की परिक्रमा करने की लालसा भोलों की संख्या में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण बनती नजर आई, जिसे व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन के जवानों के पसीने छूटे रहे।

फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि का पर्व दिल्ली-एनसीआर के साथ हरियाणा के शिवभक्तों के लिए इस बार प्रयागराज महाकुंभ की गतिविधियों और पवित्रता का एक अलग संदेश लेकर आया। इस बार वेस्ट यूपी और हरियाणा के युवाओं के लिए हरिद्वार धाम से मां गंगा का पवित्र जल कांधे एवं डाक कांवड़ के रूप में अपने आराध्य देव महादेव को चढ़ाने की इच्छा के समक्ष सब कुछ बेमाने साबित हुआ। हरिद्वार से चले इन भक्तों की आस्था का केंद्र बने नगर के शिवचौक पहुंच उनकी परिक्रमा की इच्छा ने बाबा के दर्शनों के साथ आस्था को और मजबूत करने का काम कर दिया। वैसे तो श्रावण माह में होने वाले कांवड़ यात्रा मेले में जनपद में प्रशासन तमाम व्यवस्थाएं समय से पूर्व करता ही है, लेकिन इस बार मदीना चौक से मीनाक्षी चौक तक तीन-चार दिनों के लिए डिवाईडर पर बेरिकेडिंग करने के साथ ई-रिक्शाओं पर कुछ क्षेत्रों में लगाए प्रतिबंध कारगर साबित हुए। वहीं शिवचौक पर अन्य वर्षों के मुकाबले इस बार जिला प्रशासन द्वारा की गई सभी व्यवस्थाएं सफल साबित हुई और कांवड़ यात्रा निर्विघ्न संपन्न कराने के उद्देश्य में प्रशासन सफल रहा। अब महाशिवरात्रि पर्व के संपन्न होने के बाद गुरूवार से स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई एवं परीक्षा के साथ सरकारी और निजी दफ्तरों के साथ बाजारों में फिर से लोगों की चहल पहल होने की संभावना बन गई है। बुधवार सायं के वक्त कच्ची सड़क मदीना चौक तक की गई बेरिकेडिंग को खोलने के साथ यातायात व्यवस्था फिर से सुचारू कर दी गई हैं।

# महाकुंभ : अब तक करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में लगायी पावन डुबकी

**गोरखपुर 26 फरवरी (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती की त्रिवेणी में पावन डुबकी लगाकर राष्ट्रीय एकात्मकता का नया संदेश दिया। योगी ने महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमणए दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ श्रद्धालु सभी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पित होने की नई प्रेरणा भी प्रदान कर रहे हैं। उधर काशी विश्वनाथ धाम में भी लाखों

की संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। पिछले डेढ़ महीने से अधिक समय से लगातार वहां पर आठ से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन बाबा विश्वनाथ धाम में दर्शन कर रहे हैं और आज तो महाशिवरात्रि भी है। अयोध्या धाम में भी यही स्थिति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 से 10 लाख श्रद्धालु प्रतिदिन वहां श्रीरामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आज भी अपार भीड़ है। प्रदेश के सभी अन्य देवालयों जैसे गाजियाबाद में बाबा ददुग्धेश्वरनाथ धाम, बागपत में पुरा महादेवधाम, मेरठ के बाबा औघड़नाथ धाम, बाराबंकी के बाबा लोधेश्वरनाथ मंदिर, गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, नाथनगरी बरेली, गोंडा बस्ती में बाबा भदेश्वरनाथ मंदिर, झारखंडी महादेव मंदिर, अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर, रुद्रपुर देवरिया के दुग्धेश्वरनाथ मंदिरए संतकबीरनगर के तामेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस लोक कल्याण के भाव की प्रेरणा देवाधिदेव महादेव से हम सबको प्राप्त होती हैए उसी लोकेमंगल की कामना से हम लोग अपने समाज और राष्ट्र के लिए समर्पण भाव से कार्य कर पाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ,बाबा विश्वनाथ धाम समेत विभिन्न स्थानों पर देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं तथा प्रदेश के सभी शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गोरखपुर



के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का विशेष दिवस। देवाधिदेव महादेव कल्याण के देवता हैं। वह सबके प्रति कल्याण का भाव रखते हैं। उनकी कृपा दृष्टि से ही सभी व्यवस्था संचालित हो पाती है। महाशिवरात्रि पर प्रयागराज महाकुंभ में, बाबा विश्वनाथ के धाम काशी में और प्रदेश के अन्य सभी महत्वपूर्ण शिवालयों में श्रद्धालुजन भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था निवेदित कर रहे हैं। हर जगह भारी भीड़ है और श्रद्धालुजन अपार श्रद्धा भाव के साथ दर्शन-पूजन कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ आज पूर्णाहुति को प्राप्त करेगा।

## महाकुंभ के अंतिम दिन वायु सेना का एयर शो

**महाकुंभनगर 26 फरवरी (वार्ता)** महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर अंतिम अमृत स्नान के दिन वायु सेना के विमानों ने भी आसमान में एयर शो कर दुनिया भर को चकित कर देने वाले इस महाआयोजन को एक तरह से सलामी दी। वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने प्रयागराज के आसमान में उडान भर कर अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। लड़ाकू विमानों की गर्जना से आसमान थर्रा उठा। इस एयर शो के पल महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले वाले श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभव बन गये। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर के जरिए पांच से छह चक्र में 20 क्विंटल पुष्प वर्षा कराई गई। पिछले सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर भी सरकार फूलों की वर्षा करा चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को महाशिवरात्रि पर भी इस परंपरा का पालन करते हुए 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा कराई गई। इसकी शुरुआत सुबह आठ बजे से ही हो गई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न तटों पर स्नान कर रहे थे। आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम, हर हर महादेव, गंगा मइया और तीर्थराज के जयकारे लगाए।

## दो मई को खुलेंगे 11वें ज्योर्तिलिग केदारनाथ धाम के कपाट

**उखीमठ/देहरादून, 26 फरवरी (वार्ता)** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ आगामी दो मई को प्रातः सात बजे, बैशाख, मास, मिथुन राशि, वृष लग्न में विधि- विधान से खुलेंगे। इससे पूर्व, 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ जी की पूजा होगी। जबकि बाबा केदार की पंच मुखी डोली 28 अप्रैल को श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से केदारनाथ धाम प्रस्थान करेगी। बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में श्री केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ, विधायक आशा नौटियाल, दायित्वधारी चंडीप्रसाद भट्ट एवं श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित पंचगाई समिति के पदाधिकारियों, तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धर्माचार्यों, वेदपाठियों द्वारा पंचाग गणना पश्चात विधि-विधान से श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि निश्चित हुई। इस अवसर पर श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन श्री ओंकारेश्वर मंदिर दर्शन को पहुंचे। भगवान भोलेनाथ के भजन, कीर्तन का आयोजन भी हुआ तथा श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय होने के साथ ही भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली के श्री केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी घोषित हो गया। जिसके अनुसार, 27 अप्रैल को भगवान भैरवनाथ जी की पूजा-अर्चना होगी। श्री



## वार्ड-36 की सभासद बंदरों व कुत्तों का समाधान न होने पर भड़की तो नगरपालिका जागी

**मुजफ्फरनगर 26 फरवरी (बु.)।** बुधवार की दोपहर उस समय नगरपालिका अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गयी, जब वार्ड-36 की सभासद पारूल मित्तल ने सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया कि कई बार नगरपालिका में बंदर व कुतों के विषय में मुद्दा उठाने के बाद जब सभासदों की ही सुनवाई नहीं है तो आम जनता इसकी दूर-दूर तक उम्मीद ना करे। सोशल मीडिया पर इसकी पोस्ट वायरल होने के चंद मिनटों बाद ही नगरपालिका ने अपनी भाजपा की सभासद को बताया कि दो दिन पूर्व बंदरों को पकड़ने वाली टीम आ चुकी है। बस महाशिवरात्रि के पर्व के गुजरने का इंतजार किया जा रहा है। समाने-बुाने पर सभासद पारूल मित्तल का गुस्सा शांत हुआ और उन्होंने दो दिन तक और इंतजार करने की बात कही। गुस्से में सभासद ने नगरपालिका की मीटिंगों में भी जाने से इंकार कर दिया, मगर बाद में मनाने पर वें मान गयी। आपको बता दें कि नगर में वास्तव में बंदर और



कुत्तों का आतंक इतना बढ़ चुका है कि घरों की छतों पर महिलाएं व बच्चे बंदरों से तंग है। सर्दियों में किसी को धूप सेंकने हो या किसी महिला को कपड़े सुखाने हो तो वह भयभीत होकर छत तक नहीं जाती, वहीं शाम ढलते ही गलियों में कुत्तों का आतंक साफ दिखाई पड़ता है और कोई भी नेता इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं।

## झूला झूलने के विवाद को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे

**मुजफ्फरनगर, 26 (बु.)।** भौराकलां थाना क्षेत्र के चरौली गांव के शिव मंदिर में बुधवार को फाल्गुनी महाशिवरात्रि के मेले के दौरान दो गांव के लोगों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। उक्त लाठी-डंडे बच्चों के बीच झूला झूलने को लेकर चले। बात बढ़ते-बढ़ते इतनी बढ़ गई कि बच्चों के बीच-बचाव में बड़ों में मारपीट हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो उसमें कई महिलाओं के हाथों में डंडे दिखाई पड़ रहे हैं। किसी को जमीन पर लिटाकर उसकी पिटाई की जा रही है, किसी के द्वारा बेल्टें चलाई जा रही हैं। बड़ी बात यह है कि पुलिस की मौजूदगी में भी उक्त मार-पिटाई में कोई कमी नहीं आई। पुलिस के सामने ही गांव के लोग गुत्थम-गुत्था होते दिखाई दिये। थाना प्रभारी के अनुसार अटाली और नूनाखेडी में तकरार की घटना सामने आई है, जिसमें बच्चों के विवाद में बड़ों की लड़ाई का मामला सामने आया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है और पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।





## यूपी में होगा मंत्रिमंडल विस्तार, उम्रदराज मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी

**लखनऊ, 26 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी में अगले आठ से 10 दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। नए मंत्रिमंडल में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरे भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है। भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जाएगी।

### शेष -36 साल बाद ...

स्तर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप महाशिवरात्रि से पूर्व श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर को रंगाई-पुताई कर दुल्हन की तरह सजाया गया था। बुधवार की सुबह से ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में स्थित श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गयी थी तथा यहाँ भारी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा। सुरक्षा की दृष्टि से यहाँ भारी पुलिसबल तैनात रहा। करीब 36 वर्षों बाद मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक होने व मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू होने का उत्साह श्रद्धालुओं में स्पष्ट दिखाई पड़ा। शाम तक सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में रही। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मुख्यरूप पं. मूलचन्द शर्मा, शशांक शर्मा, मधु शर्मा, रजनीश गंगपुरी, डॉ. प्रवीण शर्मा, अभिषेक गर्ग, मोनू ठाकुर, सोनू कश्यप, मोनू शर्मा, कृष्ण खटीक, रमन शर्मा, पं. सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहें।

## मंदिर में पूजा करने गई महिला के साथ अभद्रता करने का आरोप

**मीरापुर, 26 फरवरी (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क में कुछ दिन पूर्व यशवीर महाराज द्वारा जागृत किये गए श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने गई एक महिला ने एक युवक पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर कि वह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मौहल्ला मुश्तर्क में स्थित श्री मनकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। आरोप है कि इस दौरान पड़ोस के ही एक युवक ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए अभद्रता की। महिला की शिकायत पर मंदिर के बाहर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आरोपी को पकड़ लिया। मंदिर में महिला के साथ अभद्रता की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

## महाकुंभ से लौट रहीं सांसद महुआ मांझी रोड एक्सीडेंट में घायल

**रांची, 26 फरवरी (एजेंसी)।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार को तड़के महाकुंभ से लौटने के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई जिससे वह घायल हो गईं। पुलिस ने बताया कि मांझी की बाईं कलाई की हड्डी टूट गयी और उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में उनकी कार में सवार परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं। यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-75 (एनएच-75) पर होटवाग गांव के पास देर रात करीब ढाई बजे हुई। सदर थाना प्रभारी दुलार चौड़े ने बताया कि दुर्घटना के बाद मांझी को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेन्द्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर किया गया। उन्होंने बताया कि मांझी प्रयागराज से अपने बेटे और बहू के साथ रांची लौट रही थीं। सदर अस्पताल के अनुसार, महुआ मांझी के बाएं हाथ की कलाई में फ्रैक्चर हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए रांची भेज दिया गया। खटट की राज्यसभा सांसद महुआ माजी को रांची के ऑर्किड मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया है। प्रयागराज से लौटते समय झारखंड के लातेहार के पास उनका एक्सीडेंट हुआ। सांसद महुआ माजी के बेटे सोमवित माजी ने बताया कि हम प्रयागराज में महाकुंभ से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। मेरी मां (महुआ माजी) और पत्नी पीछे की सीट पर थीं। मैं कार चला रहा था और करीब 3:45 बजे मुझे नींद आ गई और कार कहीं टकरा गई। कार के अंदर धुआं था और हम बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। मैंने अपनी मां को कार से बाहर निकाला और देखा कि उनकी कलाई टूट गई थी और उनके हाथों से खून बह रहा था।



# आगरा किला के सामने महाराष्ट्र से आए पर्यटकों ने गाइड से रगड़वाई नाक

**आगरा, 26 फरवरी (एजेंसी)।** छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी करना उप्र पर्यटन (यूपीटी) के गाइड को भारी पड़ा। इससे आहत महाराष्ट्र के पर्यटकों ने गाइड को पकड़ लिया। उसे आगरा किला के सामने लगी छत्रपति शिवाजी महाराज की घुड़सवार प्रतिमा पर ले गए। यहां गाइड को नाक रगड़ने को कहा। एक पर्यटक ने गाइड को गर्दन पकड़कर नीचे झुकाया। इसका सात सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वहीं, गाइड ने नाक रगड़ने से इनकार करते हुए धक्का मुक्की की बात स्वीकारी है। मुगल साम्राज्य को चुनौती देकर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती 19 फरवरी को आगरा किला में मनाई गई थी। इसमें शामिल हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोठी मीना बाजार मैदान में छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक बनाए जाने की घोषणा की थी। मंगलवार दोपहर महाराष्ट्र के पर्यटकों का एक दल आगरा किला देखने आया था। किले के बाहर उनका यूपी टूरिज्म के गाइड सगीर बेग से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि, गाइड ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी कर दी। इससे आहत हुए महाराष्ट्र के पर्यटकों ने गाइड को पकड़ लिया। वह उसे आगरा किला के सामने लगी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर ले गए। पर्यटकों में महिलाएं भी शामिल थीं। छत्रपति शिवाजी महाराज की जय बोलते हुए पर्यटकों ने गाइड को प्रतिमा के समक्ष नाक रगड़ने को कहा। टोपी पहने हुए एक पर्यटक ने गाइड को गर्दन पकड़कर नीचे झुका दिया। गाइड नीचे झुकता है और उठ जाता है। गाइड को दोबारा नाक रगड़ने को पर्यटक कहते हैं, लेकिन एक महिला बस-बस कहते हुए उन्हें रोक देती है। इसके बाद पर्यटकों का ग्रुप वहां से चला गया। गाइड सगीर बेग ने बताया कि उनसे गलती से एक पर्यटक को धक्का लग गया था। इसी बात पर धक्कामुक्की हुई थी। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि इस मामले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। शिकायत प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।



## शामली चौकी के निकट ई-रिक्शा ने तीन भोलों को किया घायल

**मुजफ्फरनगर 26 फरवरी (बु.)।** दोपहर में एक ओर जहां कांवड़िये द्वारा विद्युत विभाग के सहायक अधिशासी अभियंता की गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी गयी थी, वहीं शाम ढ़लते ही उसी स्थान पर शामली स्टैंड चौकी के ही निकट तीन कांवड़ियों को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी, जिन्हें एम्बूलेंस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, मगर वहां से उन्हें उपचार हेतु एक प्राइवेट हॉस्पिटल भेज दिया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने घटना की जानकारी होने पर उन्होंने डाक्टरों से इस बाबत कांवड़ियों के बेहतर उपचार हेतु कहा। समाचार लिखे जाने तक कांवड़ियों का उपचार चल रहा था।

## गौरी शंकर मंदिर पहुंचीं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली, 26 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के अवसर पर चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद रहे। वहीं, मंत्री आशीष सूद ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पहाड़गंज के झंडेवालान मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीएम रेख गुप्ता ने कहा कि मेरी ओर से समस्त भारतवासियों को शिवरात्रि के इस महापर्व की बहुत सारी शुभकामनाएं और बधाई। मैं प्रार्थना करती हूं कि भोलेनाथ और मां गौरा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे और दिल्ली और देश तरक्की करे। महाशिवरात्रि के अवसर पर भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, "शिवरात्रि भारतीय संस्कृति का बहुत बड़ा पर्व है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मैंने दिल्ली के गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की है। महाशिवरात्रि का पर्व सभी के लिए मंगलमय हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करे, यही कामना हमने प्रभु शिव से की है। पीएम मोदी के नेतृत्व और रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली बहुत जल्दी विकसित हो, प्रभु से यही कामना है।